# ट्रेन हादसे में पांच लोगों की मौत पर ड्राइवर ने किया बड़ा खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले के करछना-भीरपुर रेलखंड पर बुधवार की शाम पांच लोगों की मौत के मामले में यह तथ्य सामने आया है कि घटनाक्रम की शुरुआत नेताजी एक्सप्रेस के लोको पायलट की सूचना से हुई थी।

लोको पायलट ने ट्रैक पर शव देखकर ट्रेन रोकी थी। तभी विपरीत दिशा से आ रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से हादसा हो गया। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने घटना के क्रमवार ब्योरे की पुष्टि की है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, शाम करीब 6.15 बजे गाड़ी संख्या 12312 नेताजी एक्सप्रेस के लोको पायलट और गार्ड ने कंट्रोल रूम को सूचित किया कि डाउन मेन लाइन पर किमी संख्या 801,24-22 के पास एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। पायलट को पटरी पर लाश होने की आशंका हुई। उसने ट्रेन को तत्काल रोक दिया। जांच की गई तो वहां एक व्यक्ति का शव मिला। इसी दौरान शाम करीब 6.47 बजे अप दिशा से गाड़ी संख्या 12801 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस घटनास्थल से गुजरी और हादसा हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे ने विधिक और प्रशासनिक जांच तेज कर दी है। वहीं, यह भी चर्चा रही कि एक व्यक्ति के ट्रेन से गिरने की सूचना पर किसी ने चेन पुलिंग की थी। तभी कुछ यात्री नीचे उतरे थे। जिले के पचदेवरा में बुधवार को हुए हादसे ने चुनार रेल हादसे को दोबारा जिंदा कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम के केंद्र में एक बार फिर नेताजी एक्सप्रेस ही है, जो इस बार भी मौत के मंजर की मूक गवाह बनी है। बीते साल पांच नवंबर 2025 को चुनार रेलवे स्टेशन पर दिखे मंजर की बुधवार को पचदेवरा की पटरियों पर पुनरावृत्ति हुई है। चुनार के हादसे में नेताजी एक्सप्रेस खुद काल बनकर आई थी और पटरी पार कर रहे छह यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया था। रेलवे प्रशासन की ओर से आवश्यक विधिक व प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है। मुख्य जन संपर्क अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि यह एक अत्यंत दुखद घटना है। हम यात्रियों और आमजन से बार-बार अपील करते हैं कि ट्रेन के रुकने पर भी ट्रैक पर न उतरें।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मी एआई कोर्स को बाध्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को प्राविधानित कोर्स पूर्ण करते हुए सर्टिफिकेट प्राप्त करने के निर्देष दिये गये हैं।

लोक निर्माण विभाग द्वारा पत्र निर्गत कर विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी फील्ड कर्मचारियों जो कम पढ़े लिखे अथवा अनपढ़ हैं, को फील्ड से कार्यालय बुलाकर प्राविधानित कोर्स पूर्ण कर सर्टिफिकेट प्राप्त करने हेतु बाध्य किया जा रहा है। डिप्लोमा इंजी. नियर्स संघ के अध्यक्ष इ.एनडी द्विवेदी ने इस परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि विभाग के अधिकतम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के ई मेल आईडी नही हैं। कई कर्मचारियों के पास स्मार्ट मोबाइल सेट नही है,

**■ डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष इ.एनडी द्विवेदी ने सीएम योगी को पत्र लिख अवगत कराया**

कुछ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पास कोई भी मोबाइल नही है, कुछ कर्मचारी अनपढ़ हैं। मोबाइल न होने पर किसी अन्य का मोबाइल लगाया जा रहा है।

कोर्स कम्प्लीट कराने हेतु विभाग के तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को लगाया जा रहा है, जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के स्थान पर कोर्स का वीडियो चला रहे है, वही तृतीय श्रेणी कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थान पर प्रष्नोत्तरी का उत्तर भी दे रहे हैं। उत्तर सही होने पर सर्टिफिकेट डाउनलोड कर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। विभाग द्वारा निर्गत निर्देषके अनुसार चतुर्थ



श्रेणी कर्मचारी को भी न्यूनतम एक एआई का कोर्स किया जाना अनिवार्य है।

इस प्रकार पूर्णतया कूटरचित ढ़ंग से कोर्स पूर्ण कर सर्टिफिकेट प्राप्त करने की औपचारिकता पूर्ण की जा रही है। एक तरफ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फील्ड में अपना कार्य छोड़कर मुख्यालय पर जमे

**■ अधिकतम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पास ई मेल आईडी व ज्यादातर के पास स्मार्ट मोबाइल सेट नही**

हुए हैं। इस प्रकार षासकीय क्षति हो रही है, वही दूसरी तरफ तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को उनके निर्धारित शासकीय दायित्व से हटा कर इस कूट रचित कार्य को पूर्ण कराने में लगाया है। संघ ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए इस प्रकार के कूटरचित, समय बर्वाद करने वाले तथा शासकीय क्षति पहुॅचाने वाले कृत्य को रोकने हेतु आवष्यक दिशा-निर्देश निर्गत करने की माग की है। जिससे तृतीय श्रेणी कर्मचारी कार्यालय में व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फील्ड में ` निर्धारित दायित्व का निवर्हन कर सकें व सरकार की छवि धूमिल न हो।

## संविदा कर्मचारियों ने की 20 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की मांग

**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निंगम में कार्यरत नियमित, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को लेकर सफाई मजदूर एकता मंच (संबद्ध ऐक्टू) ने आज नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। यूनियन ने कर्मचारियों से जुड़ी कई अहम मांगें उठाते हुए चेतावनी दी है कि यदि इन्हें शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो एक मई से अनिश्चितक. ालीन हड़ताल की जाएगी।ज्ञापन में यूनियन ने महाकुंभ 2025 में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को घोषित न्यूनतम मजदूरी 20 हजार रुपये का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्वती गांव के पास मनकापुर-नवाबगंज मार्ग पर दो बाइक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे टेम्पो से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस के द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वजीरग. ंज थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के मधवापुर निवासी हिमांशु पुत्र स्वामीनाथ गांव के ही रक्षाराम । गूंठे के साथ गुरूवार को मोटर साइकिल से नवाबगंज बाजार आया था। बाजार से घर लौटते हुए रक्षाराम बाइक चला रहा था और हिमांशु बैठा हुआ था। पर्वती गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे टेम्पो से टकरा गई।

# सह काश्तकारी में पैतृक संपति जरूरी नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि केवल संयुक्त हिंदू परिवार के अस्तित्व का दावा करने मात्र से किसी भूमि पर सह-काश्तकारी का अधिकार नहीं मिल सकता। यह सिद्ध करना होगा कि विवादित जमीन वास्तव में पैतृक है।

उसका रिकॉर्ड में निरंतर उल्लेख भी रहा है। उपरोक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय की एकल पीठ ने ललितपुर से जुड़े 50 साल पुराने भूमि विवाद मामले की सुनवाई करते हुई की। बंशी गांव निवासी जंकी, भाई लाल और हरिदास ने उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के तहत वाद दायर कर 27 अन्य लोगों के साथ सह-काश्तकारी घोषित किए जाने की मांग की थी। उनका दावा था कि विवादित भूमि उनके संयुक्त हिंदू परिवार की पैतृक संपत्ति है। ट्रायल कोर्ट ने 1971 में यह कहते हुए वाद खारिज कर दिया था कि पक्षकारों के बीच साझा वंश और पैतृक संपत्ति का संबंध साबित नहीं हुआ। हालांकि, अपर आयुक्त ने 1974 में अपील स्वीकार कर ली थी। बाद में बोर्ड आफ रेवेन्यू ने भी उस आदेश को बरकरार रखा। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुए कहा कि केवल संयुक्त परिवार की धारणा के आधार पर संपत्ति को



संयुक्त पारिवारिक संपत्ति नहीं माना जा सकता। अपीलीय प्राधिकारी को बिना ठोस साक्ष्य के इस तरह का निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए था। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट डीएल लक्ष्मी व अन्य के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जो व्यक्ति किसी संपत्ति को संयुक्त परिवार का बताता है। उसी पर यह जिम्मेदारी है कि वह इसे सिद्ध करे।

## जीपीएफ भुगतान की देरी पर सेवानिवृत्त कर्मचारी को ब्याज का अधिकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि देरी के लिए सेवा. निवृत्त कर्मचारी जिम्मेदार नहीं है तो वह जीपीएफ भुगतान में विलंब पर ब्याज का अधिकारी है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि सेवा. निवृत्त सहायक कमांडेंट को उसके जीपीएफ के भुगतान में देरी के लिए आठ प्रतिशत वार्षिक की दर से छह सप्ताह में ब्याज का भुगतान किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकल पीठ ने प्रयागराज के बृज किशोर तिवारी की याचिका पर दिया है। याची ने सेवानिवृत्त के बाद जीपीएफ के विलंबित भुगतान पर ब्याज की मांग की थी, जिसे वरिष्ठ लेखा अधिकारी, गृह मंत्रालय की ओर से 30 जनवरी 2026 को खारिज कर दिया गया था। याची ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। अधिवक्ता मलिक जुनैद अहमद ने दलील दी कि याची सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट (एम) के पद से 31 अगस्त 2024 को सेवानिवृत्त हुआ था। जीपीएफ का भुगतान हो जाना चाहिए था पर ऐसा नहीं हुआ। उसे 86,90,698 रुपये का भुगतान तीन महीने व 5 दिन बाद पांच दिसंबर 2024 को किया गया।

## बर्खास्त लेखपाल मामले में विजिलेंस जांच के आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बर्खास्त लेखपाल पर लगे गंभीर आरोपों को लेकर विजिलेंस जांच कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एडीजी एसटीएफ की अध्यक्षता में गठित टीम को 15 दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही कानपुर नगर के कमिश्नर और याची को जांच में पूरा सहयोग करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने आलोक दूबे की याचिका पर दिया। कानपुर नगर के आलोक दूबे पहले लेखपाल पद पर तैनात थे। 1993 में उन्हें राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली। आरोप है 2019 से 2024 के बीच उन्होंने पत्नी और बच्चों के नाम पर 45 जमीनों का बैनामा कराया।

# अग्निकांड पीड़ितों से मिले मेहरोत्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बीती शाम विकास नगर क्षेत्र स्थित 760 झोपड़ियों भीषण आग लग गई, जिससे पूरा इलाका अफरा-तफरी में बदल गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगते ही तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन रात 7.30 बजे तक कोई दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक सैकड़ों झोपड़ियां जलकर राख हो चुकी थीं। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक रविदास मेहरोत्रा घटनास्थल पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। पीड़ितों



का हाल जानने के बाद उन्होंने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि जहां आग लगी, वहां से फायर ब्रिगेड कार्यालय की दूरी मात्र पांच मिनट की है, फिर भी दमकल की गाड़ियां दो घंटे तक नहीं पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय पर राहत कार्य शुरू होता तो सैकड़ों झोपड़ियां बचाई जा सकती थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस हादसे में कई लोगों की मौत हुई है, लेकिन प्रशासन इन मौतों को छुपाने का प्रयास कर रहा है। उनका आरोप है कि आग लगने के बाद रातभर प्रभावित लोगों को अपनी झोपड़ियों में जाने नहीं दिया गया, जिससे वे अपना सामान नहीं निकाल सके। सुबह जब लोगों को अंदर जाने दिया गया तो उन्हें न तो आभूषण मिले और न ही कोई उपयोगी सामान बचा। पीड़ित परिवारों का कहना है कि उनके बर्तन, कपड़े, राशन और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जल गए। विधायक ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने प्रभावित लोगों के लिए न तो टेंट की व्यवस्था की और न ही भोजन-पानी का कोई इंतजाम किया। समाजवादी पार्टी की ओर से राहत सामग्री, खाने-पीने की वस्तुएं और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

# सपा पीडीए जनपंचायत यात्रा का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पिछड़ा (बनिया) वैश्य एकता परिषद द्वारा समा. जवादी पीडीए जनपंचायत यात्रा का सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के बंगला बजार में हुआ भव्य स्वागत।

इस मौके पर पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष रामप्रकाश यादव ने एक गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यात्रा के आयोजक मुकेश साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थिति में हुई पीडीए जनपंचायत में क्षेत्र के पिछड़ा, बनिया एवं वैष्य समाज के लोग उपस्थित रहे। वहां उपस्थित लोगों




**■ जब-जब समाजवादी पार्टी की सरकार प्रदेश में रही है तब- तब पिछड़ा समाज को सम्मानित करने का काम हुआ**

को सम्बोधित करते हुए मुकेश साहू ने कहा कि जब-जब समाजवादी पार्टी की सरकार प्रदेष में रही है तब-तब पिछड़ा समाज के लोगों को सम्मानित करने का काम किया गया है। राज्य सभा से लेकर विधान परिषद भेजकर पिछड़ा, बनिया एवं वैष्य समाज के लोगों का सम्मान बढ़ाया गया है। वर्तमान सरकार में हर तरह का व्यापार लगभग समाप्त हो गया है, जिससे व्यापारी बहुत परेशान और हताश हो चुका है। इसलिए हम सभी को प्रदेश में समा. जवादी पार्टी सरकार बनाकर व्यापारियों के हितों की रक्षा करनी होगी। इस मौके पर मनोज गुप्ता, श्रीधर साहू, विनोद कुमार साहू, हरिषंकर यादव, चन्द्रशेखर यादव, अनिल पासी, संजय यादव, मनीष गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष सर्राफा एसो. मनीष वर्मा 'मन्नू वर्मा', नागेन्द्र साहू, पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष बंगला बाजार जगदीष गुप्ता, सचिन गुप्ता, अवषेश कश्यप, अमित गुप्ता, हरिश्याम चौरसिया, संजय सोनी, आनन्द साहू, सुमित राजभर, मनोज कपूर, सतीश यादव, विनय यादव, रोहित कुमार रावत 'एड.', गोलू कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

## वाराणसी में ध्वस्तीकरण की गई बड़ी कार्रवाई

**वाराणसी।** जिले में लहरतारा- बौलिया मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्धपीडब्ल्यूडीत्र द्वारा गुरुवार को ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। इस दौरान आलाधिकारियों के साथ कई थानों की पुलिस फोर्स भी मौके पर तैनात है। विभाग द्वारा लगभग सौ मकानों और भवनों को चिन्हित किया गया है, जिन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होनी है। इस प्रकरण को लेकर नगीना के सांसद एडवोकेट चंद्र शेखर ने जुलाई 2025 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि मुआवजा दिए बिना कार्रवाई की जा रही है।

# परास्नातक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व. विद्यालय के परीक्षा विभाग ने विभिन्न परास्नातक पाठ्यक्रमों के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2025-26 की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

सभी परीक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे की पाली में आयोजित की जाएंगी। जबकि प्रैक्टिकल परीक्षाएं प्रातः नौ बजे से होंगी। एमए. अरबी और फारसी के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं चार मई से शुरू होकर 13 मई तक चलेंगी। वहीं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मई से शुरू होकर 14 मई तक होंगी। एमए. शिक्षा के द्वितीय सेमेस्टर की द्धओल्ड व न्यू कोर्सत्र की परीक्षाएं छह मई से 14 मई तक

**■ परीक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे की पाली में और प्रैक्टिकल परीक्षाएं प्रातः नौ बजे से होंगी**

और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं साथ मई से 13 मई तक होंगी। एमए. मास कम्युनिकेशन के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं छह मई से 14 मई तक और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं सात मई से 14 मई तक चलेंगी। एमए. दर्शनशास्त्र के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं चार मई से 12 मई तक और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मई से 13 मई तक होंगी । एमए. समाजशास्त्र के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मई से 13 मई तक और द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं छह मई से 15 मई होंगी। एमए. उर्दू के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं चार मई से 14 मई तक और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मई से 15 मई तक होंगी। एमएससी फूड टेक्नोलाज के द्वितीय सेमेस्टर की थ्योरी परीक्षाएं चार मई से 12 मई चलेंगी। वहीं दशम सेमेस्टर द्ध5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम की थ्योरी परीक्षाएं चार मई 11 मई तक होगी। इसके साथ ही द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 मई से 19 मई ताज होंगी। अष्टम सेमेस्टर द्ध5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रमत्र का प्रैक्टिकल 15 और 18 मई को संपन्न होगा। चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 से 28 मई तक चलेंगी। प्राणि विज्ञान एवं कृषि कीट विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मई से और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं छह मई से शुरू होकर 18 मई तक आयोजित की जाएंगी। इविवि की शैक्षणिक सत्र 2025 -26 के लिए बीएड और एमएड की द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं छह मई से प्रारंभ होंगी। एमएड द्वितीय सेमेस्टर के पुराने और नए दोनों पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 18 मई तक चलेंगी। एमएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं सात से 15 मई तक होंगी। बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 मई तक वहीं बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 19 मई तक क्रियात्मक अनुसंधान के पेपर के साथ होंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 11 से दोपहर दो बजे की पाली में होंगी।

# सिविल अस्पताल रक्त सेंटर टीम ने 108 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सिविल चिकित्सालय रक्तकेंद्र की टीम ने आज बंसल इंस्टीटड्ूट आफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलाजी में हरिओम सेवा केंद्र के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्तदान कराया ।

शिविर में चिकित्सालय की तरफ से डा प्रवीण कुमार, डा रागि. नी सिंह, संजय सिंह, हरिहर शुक्ला, रमेश यादव, सी.एल.गुप्ता, विवेक सिंह, उमा वर्मा, सुनील, सर्वेश एवं अन्य ने रक्तदान कराया । उक्त की जानकारी देते हुए निदेशक डा जी पी गुप्ता ने बताया कि सिविल चिकित्सालय जनता को



उच्चस्तरीय उपचार सेवाएं देने को कटिबद्ध है ।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर रक्त की कमी से किसी मरीज का उपचार प्रभावित ना हो

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुरादाबाद मण्डल के अमरोहा में पर्यटन विकास के लिए 337 लाख की स्वीकृति

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा राज्य योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुरादाबाद मण्डल के अमरोहा जनपद के लिए 05 पर्यटन विकास की परियोजनाओं हेतु 460. 26 लाख रुपये के प्रशासकीय स्वीकृत के सापेक्ष 337 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

यह जानकारी आज यहां उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नौगावा सादात विधानसभा क्षेत्र में बाबा लालचंद मंदिर जकड़ी के

**■ अमरोहा जनपद के लिए पांच पर्यटन विकास की परियोजनाओं के लिए 460.26 लाख रुपये मंजूर**

पर्यटन विकास के लिए 50 लाख रूपये, धनौरा में प्राचीन शिवमंदिर धुने वाले बाबा स्थल का पर्यटन विकास के लिए 69 लाख रूपये, हसनपुर में स्थित प्रज्ञा बुद्ध विहार के पर्यटन विकास के लिए 50 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार अमरोहा विकास खण्ड जोया के ग्राम डिडौली स्थित शिव मंदिर के लिए 63 लाख रूपये तथा हसनपुर जनपद अमरोहा स्थित चामुण्डा देवी मंदिर में बहुउद्देशीय हाल, प्रकाश व्यवस्था आदि के लिए 150 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इन कार्यों को कराने के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। पर्यटन मंत्री ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये हैं कि सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा कराया जाए।

# अवैध खनन पर 25 लाख का जुर्माना लगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के लालापुर क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ बुधवार रात प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। खनन विभाग की छापेमारी में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर एक फर्म पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि दूसरी फर्म का पट्टा निरस्त कर दिया गया। साथ ही चार एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। खनन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, लालापुर क्षेत्र में लगातार अवैध खनन और लाइसेंसधारकों द्वारा नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिल रही

**■ प्रयागराज जिले के लालापुर क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ बुधवार रात प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की**

थीं। इसी के आधार पर खनन निरीक्षक वैभव सोनी के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न खनन क्षेत्रों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एसडीएम बारा, सीओ बारा और थाना लालापुर पुलिस भी मौजूद रही।

जांच में पट्टा खंड संख्या-6, जो तारा एंटरप्राइजेज के नाम पर था, में पट्टा क्षेत्र से बाहर खनन होते पाया गया। साथ ही यमुना नदी की जलधारा के भीतर भी खनन के साक्ष्य मिले। इस पर संबंधित फर्म पर लगभग 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पट्टा खंड संख्या-4, जो सहारा एग्री द्धरमेश निल्लुरीत्र के नाम पर था, में भी अवैध खनन सामने आया। इसके अलावा किस्त की धनराशि जमा न करने पर उसका पट्टा निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रशासन ने अवैध खनन में इस्तेमाल हो रहे रास्तों पर भी कार्रवाई की। ग्राम पंडुआ, प्रतापपुर, भिलौरे, नौढ़िया तरहार, मझियारी और मानपुर में यमुना नदी की ओर बनाए गए अवैध मार्गों को जेसीबी से खुदवाकर बंद कराया गया। नदी किनारे डंप लाखों घनमीटर बालू को भी दोबारा यमुना नदी में डलवाया गया।

प्रशासन द्वारा चलाए गएअभियान के दौरान कई नामजद और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाना लालापुर में चार एफआईआर दर्ज की गई हैं। खनन निरीक्षक वैभव सोनी ने कहा कि अवैध और अनियमित खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

